





लोकसभा चुनाव की भारी व्यस्तता से निवृत्त होने के बाद मंगवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्यपाल मंगूभाई पटेल से राजभवन में सौजन्य भेंट की। वहीं, लोकसभा चुनाव में प्रदेश में शत-प्रतिशत सफलता पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मंत्रीगण ने मिठाई खिलाकर बधाई दी। लोकसभा चुनाव में भाजपा को मध्यप्रदेश सहित देश भर में मिली विजय पर प्रदेश भाजपा कार्यालय में जश्न मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ भारत माता, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण किया एवं आतिशबाजी कर जनता का आभार जताया। इस दौरान मंच पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रभात झा, महाराष्ट्र के सह प्रभारी जयभान सिंह पवैया, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, मंत्री विश्वास सारंग, श्रीमती कृष्णा गौर, प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद आलोक शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुश्री कविता पाटीदार, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर श्रीमती मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा, विष्णु खत्री, पूर्व मंत्री संजय पाठक, मंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी, नगर निगम के अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी उपस्थित रहे।

पार्टी और मोदी के विश्वास पर खरे उतरे डॉ. यादव

# मुख्यमंत्री ने प्रदेश में 142 से अधिक आमसभाएं और 55 रोड शो किए

भोपाल (काप्र)।

**इस लोकसभा चुनाव में मप्र की सभी 29 सीटों पर कमल खिलाकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के विश्वास पर खरे उतरे। पार्टी के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के परिश्रम और संगठन की कुशल रणनीति के माध्यम से यह ऐतिहासिक जीत दर्ज की गई।**

डॉ यादव ने छिंदवाड़ा और राजगढ़ में अधिक समय देकर वहां जीत निश्चित करने में सक्रिय योगदान दिया। भाजपा के इतिहास में यह पहला अवसर है कि जब पार्टी ने मप्र की सभी 29 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनावों के 4 चरणों के दौरान अथक परिश्रम किया। उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों के साथ समन्वय और संवाद स्थापित किया तो वहीं कार्यकर्ताओं में भी नया उत्साह और जोश भरने का काम किया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रचार की बात करें तो 4 चरणों के दौरान अकेले मध्यप्रदेश में ही सभी लोकसभा में पहुंच बनाते हुए 142 से अधिक जनसभाएं और 55 से अधिक रोड शो किए।

### छिंदवाड़ा चुनाव प्रचार में दिए थे नौ दिन

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के समर्थन में कुल 9 दिन चुनाव प्रचार किया। उन्होंने 5 रोड शो, 8 आमसभा, 6 स्थानीय कार्यक्रमों के माध्यम से प्रचार किया। साथ ही लोकसभा क्षेत्र में दो रात्रि विश्राम किया। उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ रोड शो में सहभागिता की और कार्यकर्ताओं से जनसंवाद, प्रबुद्धजनों के साथ बैठक, समाज के प्रमुख व्यक्तियों के साथ चर्चा की। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा जी के साथ जनसभा में भी सहभागिता की।

### राजगढ़ में खिला कमल

भाजपा की कुशल रणनीति ने राजगढ़ में भी कमल खिलाया। पार्टी के लिए चुनौती दे रही इस सीट पर प्रत्याशी रोड़मल नागर के समर्थन में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कुल आठ दिन चुनाव प्रचार किया। उन्होंने महिला शक्ति वंदन कार्यक्रम/ वृहद कार्यकर्ता सम्मेलन और गृहमंत्री अमित शाह के साथ आम सभा की। इस सीट पर डॉ यादव ने 4 स्थानीय कार्यक्रम एवं 4 आमसभा की।

# भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा 501499 मतों से हुए विजयी

भोपाल संसदीय क्षेत्र हेतु मतगणना शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न, रिटर्निंग ऑफिसर ने विजेता अभ्यर्थी को दिया प्रमाण पत्र






भोपाल (काप्र)।

**लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत भोपाल संसदीय क्षेत्र हेतु संसदीय क्षेत्र के जिलों में आज शांतिपूर्ण मतगणना सम्पन्न हुई।**

मतगणना परिणाम के अनुसार लोकसभा निर्वाचन में भोपाल संसदीय क्षेत्र 19 से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी आलोक शर्मा ने अपने निकटतम प्रत्याशी इंडियन नेशनल कांग्रेस के अरुण श्रीवास्तव को 501499 मतों से हराया। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी आलोक शर्मा को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा रिटर्निंग ऑफिसर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने विजय की उद्घोषणा कर प्रमाण पत्र वितरण किया। गौरतलब है कि मतगणना परिणाम के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी आलोक शर्मा को कुल 981109 मत तथा इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव को कुल 479610 मत प्राप्त हुए। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा भोपाल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफीसर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में लोकसभा संसदीय क्षेत्र भोपाल 19 के लोकसभा सामान्य निर्वाचन के तहत 7 मई को हुए मतदान की मतगणना की प्रक्रिया सुव्यवस्थित, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ पुरानी जेल परिसर भोपाल में सम्पन्न हुई।

# प्रदेश में हार की जिम्मेदारी मेरी, पार्टी को मजबूत करेंगे: पटवारी



**भोपाल।** मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि देश की सबसे बड़ी पंचायत के चुनाव परिणाम सामने हैं और दो दिन पहले तक जो एक्जिट पोल दिखाकर भ्रम का जो वातावरण बनाया जा रहा था, उस छल की हार हुई है। जनता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह अधिनायकवाद और डिक्टेटरशिप को पसंद नहीं करती है। श्री पटवारी ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने आम व्यक्ति पर असर करने वाले मुद्दे चुनाव के दौरान उठाये, जिसमें महंगाई, बेरोजगारी, किसान समस्या एवं गरीबों पर यातनाओं को प्रमुखता से सामने रखा, जिन पांच न्याय की राहुल गांधी ने बात की थी, जनता ने उस बात को सराहा एवं परिणाम उसके आसपास दिये हैं। पटवारी ने कहा कि मप्र के संदर्भ में हम सभी ने एकजुटता के साथ चुनाव लड़ा और अच्छे परिणाम के लिए प्रयास किये, परंतु विधानसभा चुनाव के बाद जिस तरह की घटनाएं मप्र में घटित हुई हैं तो मैं यह कह सकता हूं कि सरकार के धन और बल के प्रयास सफल हुये, परंतु पार्टी का अध्यक्ष होने के नाते में मप्र आये परिणाम को सिर झुकाकर स्वीकार करता हूं और इन परिणामों की जिम्मेदारी में लेता हूं। श्री पटवारी ने आगे कहा कि पार्टी आत्ममंथन के साथ बदलावों के लिए तैयार है। इसमें नई सोच, विचार और व्यवहार का समावेश किया जायेगा। मप्र की जनता बेहद जागरूक हैं एवं इंदौर में जिस तरीके से नोटा के रूप में जनता ने भाजपा के मुंह पर जो करारा तमाचा मारा है, वह भाजपा हमेशा याद रखेगी। अब सरकार मोदी जी द्वारा जी गई गारंटियों को पूरा करें और उन गारंटियों को पूरा करने में कांग्रेस पार्टी एक मजबूत विपक्ष के रूप में अपनी भूमिका लगातार निभायेगी। पत्रकार वार्ता में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के मीडिया सलाहकार के.के. मिश्रा, मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक सहित मप्र कांग्रेस के सभी प्रवक्तागण भी उपस्थित थे।

### मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समन्वय समिति का गठन

**भोपाल( काप्र )।** राज्य शासन ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तरीय समन्वय समिति का गठन मुख्य सचिव की अध्यक्षता में किया है। समिति मे अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव/ सचिव, ऊर्जा,वित्त, नगरीय विकास एवं आवास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश पावर मेनेजमेंट कम्पनी लिमिटेड, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, को सदस्य बनाया गया हैं। अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, सदस्य सचिव होंगे। एवं चेयरमैन, स्टेट लैवल बैंकर्स कमेटी, सह सदस्य सचिव होंगे।

समिति द्वारा योजना के सभी घटकों के अंतर्गत प्रगति की नियमित समीक्षा की जायेगी। योजना के क्रियान्वयन के लिए विभागों के बीच आवश्यक समन्वय, सभी सरकारी भवनों को रूफटॉप सोलर से संतृप्त करने की कार्ययोजना तैयार करना। कार्य योजना के कार्यान्वयन की निगरानी और पर्यवेक्षण करना। विशेष रूप से, सरकार की अन्य योजनाओं के लाभार्थियों में, रूफटॉप सोलर के लिए जागरूकता, क्षमता निर्माण और योजना क्रियान्वयन के लिए मैदानी स्तर पर विभागों के बीच समन्वय सुनिश्चित करना। योजना की प्रगति की नियमित (अधिकतम 3 माह में) समीक्षा करना, ताकि समय-सीमा में लक्ष्य की प्राप्ति हो सके। योजना को सफलतापूर्वक सम्पन्न करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करना। योजना क्रियान्वयन के संबंध में भारत सरकार के नवीन और नवकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के साथ समन्वय करना और राज्य में योजना क्रियान्वयन में सुधार के उपाय सुझाने का दायित्व निर्वहन किया जाऐगा।

# सौरभ अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार उत्कृष्ट डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी व अमन उत्कृष्ट डीआरआर से सम्मानित



**भोपाल ( काप्र )।** अंतर्राष्ट्रीय साउथ ईस्ट एशिया रोटरेक्ट कौंसिल की अवार्ड सेरेमनी और अधिष्ठापन समारोह इंदौर में आयोजित हुआ। इस भव्य समारोह की मेजबानी रोटरेक्ट मंडल 3040 के डीआरआर अमन खान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। समारोह में 9 देशों ने हिस्सा लिया जिसमें रोट-सौरभ को बेस्ट डिस्टेसिट आउटस्टैंडिंग डीआरएस वा अमन को बेस्ट आउटाटांडिंग डीआरआर का अवार्ड मिला । सीयरिक के अंतर्गत 9 देशों के 50 से भी ज्यादा डिस्ट्रिक्ट आते हैं । उसमें यह उपलब्धि हासिल करके सौरभ ने अंतराष्ट्रीय लेवल पर उपलब्धि दिलाई। इसके अलावा इन्हें बेस्ट क्लब एडवाइजर वा एक्सीलेंस अबोव सर्विस के अवार्ड से भी नवाजा गया । इस अवसर पर रोटरी इंटरनेशनल के पूर्व डायरेक्टर रो कमल संघवी, सीरिक प्रेसिडेंट अभिषेक गोयल मौजूद रहे।

### कार का कांच तोड़कर चोरी

अशोका गार्डन थाना इलाके में अज्ञात बदमाशो ने घर के सामने खड़ी कार को निशाना बनाते हुए उसका कांच तोड़कर नगदी सहित उसमं रखे बच्चों के खिलौने चोरी कर लिए। थाना पुलिस के मुताबिक इलाके में स्थित सम्राट कॉलोनी में रहने वाले कुंवर सिंह (38) ने अपनी शिकायत में बताया कि वह एक निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। रविवार रात करीब 11 बजे उन्होंने अपनी कार घर के सामने खड़ी की थी।

**स्पेशल खबर** विश्व पर्यावरण दिवस से गंगा दशमी तक चलेगा अभियान...

# नमामि गंगे अभियान में आमजन आगे बढ़कर करें सहभागिता: डॉ. यादव

भोपाल(काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व पर्यावरण दिवस से प्रारंभ हो रहे जल संरक्षण-संवर्धन के विशेष अभियान नमामि गंगे अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने का आव्हान किया है।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर पारंपरिक देशज दृष्टि और संस्कार के अनुरूप जल तथा प्रकृति के प्रति संवेदनशील रहते हुए वैज्ञानिक दृष्टि से जल के औषधतत्व, उसकी सार्वभौमिकता को प्राथमिकता आधारित नमामि गंगे अभियान विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) से प्रारंभ हो रहा है। यह गंगा दशमी (16 जून) तक चलेगा। जल संवर्धन और संरक्षण के लिये आमजन को प्रेरित करने के लिये विविध गतिविधियों का सफल क्रियान्वयन कर अभियान को भव्य बनाया जाएगा। नमामि गंगे विशेष अभियान में जल संरचनाओं के उन्नयन कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर कराये जाएंगे। जल संरचनाओं से मिलने वाले गंदे पानी के नाले अथवा नालियों को डायवर्सन के उपरांत शोधित कर जल संरचना में छोड़ा जाएगा। जल संरचनाओं को व्यवसाय व रोजगार मूलक बनाने के उद्देश्य से पर्यटन, मत्स्य पालन, सिंघाड़े का उत्पादन जैसी संभावनाओं का स्पष्टत: निर्धारण किया जाएगा। चिन्हित जल संरचनाओं की मोबाइल ऐप से जियो टैगिंग भी की जाएगी। जल संग्रहण संरचना से निकाली गई मिट्टी एवं खाद का उपयोग स्थानीय कृषकों के खेतों में किए जाने को प्राथमिकता दी जाएगी। जल संरचनाओं के किनारे पर यथा संभव बफर जोन तैयार किए जाएंगे। इस जोन में अतिक्रमण से बचाने एवं नदी तालाबों के कटावों को रोकने के लिए हरित क्षेत्र पार्क का विकास जैसे कार्य किए जाएंगे। नगरीय क्षेत्र में जल संरचनाओं के जल की गुणवत्ता की जांच भी की जाएगी।

नमामि गंगे अभियान में प्रदेश की सभी प्रमुख नदियों (नर्मदा, चम्बल, ताप्ती, सोन, बेतवा, तवा, क्षिप्रा, केन, सिंधु, पार्वती, टोंस आदि) और ऐतिहासिक एवं पारम्परिक जल संरचनाओं (तालाब, झील, कुंआ, बावड़ी आदि) के संरक्षण, पुनर्जीवन के लिए सम्पूर्ण प्रदेश में अभियान चलेगा। इसमें प्रमुख नदियों एवं जल स्त्रोतों के निकट धार्मिक स्थानों, तीर्थ स्थलों, मेले एवं पुरातात्विक सम्पदाओं पर वृहद साफ-सफाई, सजावट तथा लोक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों/भजनों से लोक रुचि के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

प्रदेश की लगभग 212 नदियों, जल संरचनाओं और जो पारंपरिक जलस्त्रोतों का सैटेलाइट मैपिंग करवा कर प्राचीन वांग्मय, परंपरा, लोक आख्यान के संदर्भो के साथ सर्वे आधारित दस्तावेजी ग्रंथ प्रकाशित किए जाएंगे। नदियों के सांस्कृतिक एवं पारम्परिक और वांग्मयी तथा लोक साहित्य अध्ययन एवं नदियों, ऐतिहासिक पारम्परिक जल संरचनाओं को सतत प्रवाह्मान रहने के लिए सुझाव लिये जाएंगे। साथ ही इंजीनियरिंग पक्ष का अध्ययन, फोल्डर निर्माण, बुकलेट, विषय संबंधी लेख भी प्रकाशित कराये जाएंगे। विशेष अभियान में ऐतिहासिक एवं पारम्परिक जल संरचनाओं को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाएगा।

साथ ही ऑडियो-विडियो सीडी का लोकार्पण किये जाएंगे। प्रदेश की सभी प्रमुख नदियों से जुडे प्राचीन मंदिरों, पुरातात्विक सम्पदाओं का जीर्णोद्धार, रखरखाव एवं जलीय जीव, वनस्पतियों आदि का अध्ययन एवं संरक्षण किया जाएगा। इसमें उज्जैन की क्षिप्रा परिक्रमा, क्षिप्रा नदी को चुनरी, आभूषण अर्पण उत्सव, पंचामृत पूजन एवं नर्मदा के किनारे धार्मिक आयोजन जनभागीदारी से किये जाएंगे।

विशेष अभियान में 15 एवं 16 जून को क्षिप्रा नदी के तट पर गरिमामयी सांगीतिक प्रस्तुति का आयोजन किया जाएगा। साथ ही डोली बुआ, हरिकथा (नारद कथा गायन परंपरा) प्रस्तुति एवं कलाकारों का सम्मान भी विशेष रूप से किया जाएगा। गंगा दशमी पर पारंपरिक शिप्रा परिक्रमा को बड़े स्तर पर संयोजित किया जाएगा।

जन-जागरूकता के उद्देश्य से 6 जून को प्रत्येक नगरीय निकाय में जल सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। 8 जून को जन भागीदारी से श्रमदान कर जल संरचनाओं की साफ सफाई की जाएगी। 9 जून को जल संरचनाओं के समीप कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा साथ ही 9 जून को ही जल संरक्षण विषय पर निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय छात्र-छात्राएं सहभागिता करेंगे। 10 से 16 जून तक योजनानुसार जीर्णोद्धार के साथ-साथ जल संरचनाओं की साफ-सफाई भी होगी। 15 व 16 जून को गंगा दशमी के अवसर पर प्रमुख जल स्त्रोतों के किनारे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत गंगा आरती, भजन समारोह इत्यादि आयोजित किये जायेंगें। यह भी निर्देशित किया गया है कि जल स्त्रोतों के संरक्षण, जीर्णोद्धार व उन्नयन कार्यक्रम की मॉनिटरिंग प्रतिदिन की जायेगी। इस अभियान के दौरान नगरीय क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों को रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के उपयोग के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

### गंगादशमी पर जलाभिषेक अभियान का लेंगे संकल्प

डॉ. यादव प्रदेश की नदियों और जल संरचना के संरक्षण, संवर्धन, पुनरुद्धार और साफ सफाई के लिए नियोजित जलाभिषेक अभियान का संकल्प गंगा दशमी (16 जून) को कराएंगे। पूरे प्रदेश में ग्राम, पंचायत, जनपद, नगरीय निकाय एवं जिलों के मुख्यालयों में सभी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जलाभिषेक का संकल्प जनसामान्य द्वारा लिया जायेगा। प्रतिवर्ष वर्ष-प्रतिपदा (सृष्टि निर्माण दिवस एवं विक्रम सम्वत प्रथम दिवस) से जलाभिषेक अभियान आरंभ कर शिप्रा सहित प्रदेश की सभी प्रमुख नदियों एवं जल संरचनाओं की साफ-सफाई और जल संरक्षण का अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा।